दैनिक जागरण 25/01/2026

प्रश्नोत्तरी में हिमांशु, हर्ष, समीर व निखिल की टीम विजेता

जीएमएन कालेज में प्रतियोगिता के दौरान शामिल विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट में सरस्वती महोत्सव के अंतर्गत आइकेएस क्लब की ओर से विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि, रचनात्मकता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीकाम (आनर्स) द्वितीय वर्ष के हिमांशु, हर्ष, समीर व निखिल ने जीता।

इसी तरह दूसरे स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष (अंग्रेज़ी आनर्स) के विनीत व अनुपमा और बीसीए (एआइ) प्रथम वर्ष की अवलीन एवं राशि और तृतीय स्थान बीकाम (आनर्स) द्वितीय वर्ष की मुस्कान, रमन व माही और बीकाम द्वितीय वर्ष की महक ने हासिल किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की सिमर ने प्रथम, कुलविंदर कौर ने द्वितीय और चाहत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच एवं सहयोग की भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।